गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

कुलपति द्वारा उद्यान अनुसंधान केन्द्र, पथर चट्टा का भ्रमण

पन्तनगर। 12 जून 2025। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा आज विश्वविद्यालय के उद्यान अनुसंधान केन्द्र, पथरचट्टा का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम कुलपति द्वारा पन्तनगर से विकसित सितम्बर माह में पक कर तैयार होने वाली आम की प्रजाति 'पंत आटम' एवं जून के प्रथम सप्ताह में तैयार होने वाली 'पंत सिन्दूरी' प्रजाति का अवलोकन किया गया तथा उनके पकने की अवधि एवं गुणों के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी और भविष्य में आम की इन किस्मों को किसानों के बीच प्रसारित करने के लिए सुझाव दिया गया।

कुलपति द्वारा स्वयं 23 फरवरी 2023 को केन्द्र पर पहली बार रोपित किये गये अंगूर की 21 प्रजातियों एवं ड्रैगन फल की तीन प्रजातियों का अवलोकन किया गया। आज लगभग दो वर्ष तीन माह बाद अंगूर की 16 किस्मों एवं ड्रैगन फल की दो किस्मों में फल आ गये हैं जिसका कुलपति द्वारा निरीक्षण किया गया। साथ ही अंगूर की विभिन्न प्रजातियों में आये फल की गुणवत्ता का आकलन किया गया तथा इन फलों पर शोध करते हुए अच्छी प्रजातियों को भविष्य में किसानों के बीच लोकप्रिय बनाने हेतु उनके द्वारा विस्तार से चर्चा की गयी। भ्रमण के दौरान आम की विभिन्न रंगीन प्रजातियों, अमरूद की पौध, कटहल वृक्ष एवं लीची बाग का भी निरीक्षण किया गया और लीची के फलों को सुरक्षा प्रदान करने एवं उनकी गुणवत्ता को सुनिश्चित करने हेतु सामुदायिक विज्ञान की शोध छात्रा द्वारा की जा रही बैगिंग को देखा गया और इस पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

इस भ्रमण अवसर पर केन्द्र के संयुक्त निदेशक डा. ए.के. सिंह, निदेशक शोध डा. ए.एस. नैन, अधिष्ठाता कृषि डा. सुभाष चन्द्र, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, विभागाध्यक्ष उद्यान विभाग डा. डी.सी. डिमरी एवं सह निदेशक उद्यान डा. प्रतिभा सिंह उपस्थित थी।